झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची, झारखण्ड

प्रथम सावधिक परीक्षा 2021-22

मॉडल प्रश्न पत्र सेट 2

कक्षा- 10	विषय- सामाजिक विज्ञान	समय- 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश:-

- कुल 40 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।

1. 1789 ई0 में फ्रांस की क्रांति के समय किसका शासन था ?

क. लुई XIV
ख. लुई XV
ग. लुई XVI
घ. लुई XVII

2. "दि स्पीरिट ऑफ लॉ" नामक पुस्तक का लेखक कौन था?

क. वॉल्टेयर
ख. मॉन्टेस्क्यू
ग. दिदरो
घ. रूसो

3. यह किसका कथन है "जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है "

क. मैटरनिक
ख. मेजिनी
ग. विस्मार्क
घ. रूसो

4. जर्मनी का एकीकरण कब पूरा हुआ?

क. 1851 ई0
ख. 1861 ई0
ग. 1871 ई0
घ. 1881 ई0

5. फ्रेडरिक सॉरयू कौन था?

क. फ्रांसीसी चित्रकार
ख. जर्मन दार्शनिक
ग. ऑस्ट्रिया का इतिहासकार
घ. ब्रिटेन का प्रधानमंत्री

6. गाँधी जी दक्षिण अफ्रीका कब गए?

क. 1870 ई0
ख. 1875 ई0
ग. 1880 ई0
घ. 1893 ई0

7. चौरी-चौरा में हिंसात्मक घटना कब हुई?

क. 5 फरवरी, 1922
ख. 8 नवम्बर, 1924
ग. 10 फरवरी, 1927
घ. 9 अप्रैल, 1930

8. रॉलेट एक्ट कब पारित हुआ?

क. 1918 ई0 | ख. 1919 ई0
ग. 1920 ई0 | घ. 1921 ई0

9. "वंदे मातरम्" गीत किस पुस्तक से लिया गया है?

क. आनंद मठ | ख. गीतांजलि
ग. गीता रहस्य | घ. हिंद स्वराज

10. "बापू" किन्हें कहा जाता है ?

क. डॉ0 राजेंद्र प्रसाद | ख. महात्मा गाँधी
ग. रवीन्द्रनाथ टैगोर | घ. पं0 जवाहर लाल नेहरु

11. समाप्यता के आधार पर संसाधन कितने प्रकार के होते हैं?

(क) दो | (ख) तीन
(ग) चार | (घ) इनमें कोई नहीं

12. निम्नलिखित में से किस राज्य में सीढ़ीदार खेती की जाती है?

(क) पंजाब | (ख) उत्तर प्रदेश का मैदान
(ग) हरियाणा | (घ) उत्तराखण्ड

13. पूर्वी तट के नदी डेल्टाओं पर किस प्रकार की मृदा पाई जाती है?

(क) लाल और पीली | (ख) काली
(ग) जलोढ़ | (घ) ज्वारीय

14. किस मृदा को रेगर या स्वतः जुताई वाली मृदा भी कहते हैं?

(क) काली | (ख) जलोढ़
(ग) लाल | (घ) लेटराइट

15. इनमें से कौन सा संरक्षण तरीका समुदायों की सीधी भागीदारी नहीं करता है?

(क) संयुक्त वन प्रबंधन | (ख) चिपको आंदोलन
(ग) बीज बचाओ आंदोलन | (घ) वन्य जीव पशुविहार का परिसीमन

16. भारत जैव विविधता में समृद्ध देश है, विश्व की कितनी प्रतिशत उपजातियां भारत में पाई जाती हैं?

(क) 8 प्रतिशत | (ख) 16 प्रतिशत
(ग) 32 प्रतिशत | (घ) 1 प्रतिशत

17. भारतीय वन्य जीव (रक्षण) अधिनियम कब लागू किया गया?

(क) 1952 | (ख) 1986
(ग) 1972 | (घ) 1992

18. भारत में बहुउद्देशीय नदी परियोजना को आधुनिक भारत का मंदिर किसने कहा?

(क) महात्मा गांधी (ख) लाल बहादुर शास्त्री

(ग) जवाहर लाल नेहरु (घ) विनोवा भावे

19. दामोदर नदी घाटी परियोजना किस राज्य में स्थित है?

(क) झारखण्ड (ख) बिहार

(ग) पंजाब (घ) राजस्थान

20. सरदार सरोवर बांध से कौन सा राज्य प्रभावित होता है?

(क) महाराष्ट्र (ख) गुजरात

(ग) मध्य प्रदेश (घ) इनमें से सभी

21. औसत आय (प्रति व्यक्ति आय) की गणना किस प्रकार की जाती है?

क. देश की कुल आय/देश की कुल जनसंख्या

ख. देश की कुल आय X देश की कुल जनसंख्या

ग. देश की कुल आय + देश के कुलजनसंख्या

घ. देश की कुल आय - देश की कुल जनसंख्या

22. विभिन्न देशों के वर्गीकरण करने के लिए विश्व बैंक किस मापदंड का प्रयोग करता है?

क प्रति व्यक्ति आय ख मानव विकास सूचकांक

ग सकल घरेलू उत्पाद घ जनसंख्या

23. नवीकरणीय साधन का उदाहरण---------- है।

क कोयला ख पेट्रोल

ग भूमिगत जल घ उपरोक्तसभी

24. लोगों के विकास के लक्ष्य------------ होते हैं।

क समान ख भिन्न या परस्पर विरोधी

ग अपरिवर्तित घ इनमें से कोई नहीं

25. रामू एक किसान है जिसने अधिशेष गेहूं को एक आटा मिल के मालिक को 10 रु प्रति कि. ग्रा. की दर से बेचा। मिल मालिक ने बिस्कुट कंपनी को आटा 15 रु प्रति कि. ग्रा. की दर से बेच दिया। बिस्कुट कंपनी ने आटे के साथ चीनी एवं तेल जैसी चीजों का उपयोग कर बिस्कुट के चार पैकेट बनाई और बाजार में उपभोक्ताओं को 80 रु में (20 रु प्रति पैकेट) बिस्कुट बेचा। सकल घरेलू उत्पाद की गणना में उपर्युक्त में से किस वस्तु के मूल्य को लिया जाएगा ?

क गेहूं ख आटा

ग चीनी एवं तेल घ बिस्कुट

26. विनिर्माण की क्रिया किस क्षेत्रक का भाग है?

क सेवा ख कृषि एवं सहायक

ग द्वितीयक घ प्राकृतिक

27. अनीता एक साड़ी की दुकान में काम करती है जहाँ सवैतनिक अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है, जबकि सीता एक सरकारी अस्पताल में नर्स है, जहां उसे वर्ष में कुछ दिन सवैतनिक अवकाश मिलता है। इन दोनों में से किसका कार्य क्षेत्र संगठित है और किसका असंगठित ?

क अनीता - असंगठित तथा सीता - संगठित

ख अनीता - संगठित तथा सीता - असंगठित

ग अनीता - संगठित तथा सीता - संगठित

घ अनीता - असंगठित तथा सीता - असंगठित

28. अन्तिम वस्तुओं के मूल्य में मध्यवर्ती वस्तुओ का मूल्य -------------- होता है।

क पहले से ही शामिल ख बाद में शामिल

ग शामिल नहीं घ उपरोक्त में से कोई नहीं

29. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कब अस्तित्व में आया?

क 2005ई ख 2006ई

ग 2007ई घ 2008ई

30. भंडारण को किस क्षेत्रक में शामिल किया जाता है?

क प्राथमिक

ख द्‌वितीयक

ग तृतीयक

घ चतुर्थ

31. संघीय शासन व्यवस्था के संबंध में निम्न में से कौन असत्य है?

क. देश की एकता की सुरक्षा करना और उसे बढ़ावा देना।

ख. क्षेत्रीय विविधताओं का सम्मान करना।

ग. विभिन्न स्तर की सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा।

घ. अदालतों को संविधान और विभिन्न स्तर की सरकारों के अधिकारों की व्याख्या का अधिकार न होना।

32. बेल्जियम मे फ्रेंच भाषा बोलनेवालों का प्रतिशत कितना है?

क. 20 ख. 30

ग. 40 घ. 50

33. श्रीलंका में तमिल को कब राजभाषा घोषित किया गया है?

क. 1956 ख. 1958

ग. 1960 घ. 1962

34. संविधान में कुल कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषाओं का दर्जा दिया गया है?

क. 15 ख. 17

ग. 19 घ. 22

35. निम्न में कौन सुमेलित नही है?

क. भारतीय संघ - राष्ट्रपति

ख. राज्य- उपराष्ट्रपति

ग. नगर निगम - मेयर

घ. ग्रामपंचायत - सरपंच/मुखिया

36. सेवेन पार्टी अलायंस (सप्तदलीय गठबंधन) का गठन किस देश में किया गया था?

क. चीन ख. नेपाल

ग. बोलिबिया घ. श्रीलंका

37. बोलिबिया किस महादेश में अवस्थित है?

क. अमेरिका ख. लातिनी अमेरिका

ग. अफ्रीका घ. यूरोप

38. बोलिविया में जलयुद्ध नामक आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?

क. फेडेकोर (FEDECOR) ख. सेवेन पार्टी अलांयस (SPA)

ग. बामसेफ (BAMCEF) घ. नेशनल अलायंस फॉर पल्स मूवमेन्ट (NAPM)

39. इनमें से कौन-सा कथन असत्य है?

क. राजनीतिक दल राजनीतिक पक्ष लेते हैं जबकि दबाव- समूह राजनीतिक मसलों की चिंता नहीं करते।

ख. दबाव -समूह कुछ लोगों तक ही सीमित होते है, जबकि राजनीतिक दल का दायरा ज्यादा लोगों तक फैला रहता है।

ग. दबाव- समूह सत्ता में नहीं आना चाहते जबकि राजनीतिक दल सत्ता हासिल करना चाहते है।

घ. दबाव- समूह और राजनीतिक दल समान प्रकृति के है।

40. नेपाल में एस0 पी0 ए0 (सेवेन पार्टी अलायंस) ने किसे अंतरिम सरकार का प्रधानमंत्री चुना था?

क. गिरिजा प्रसाद कोइराला ख. राजा ज्ञानेन्द्र

ग. राजा बीरेन्द्र घ. राजा महेन्द्र